दिनांक 24 मार्च 2020
स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम के क्षेत्रों में स्वच्छता में तेजी लाने के साथ ब्लीचिंग घोल का छिड़काव, मेलाथियान, मलेरिया आयल, एवं फागिंग मशीन का किया जा रहा है उपयोग

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत भिलाई के वार्डों में विशेष रूप से सफाई व्यवस्था रखी जा रही है प्रत्येक वार्ड में स्प्रे/ छिड़काव के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया ! मौसमी बीमारियों एवं महामारी की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए डोर टू डोर पंपलेट वितरण तथा चौक चौराहों पर भी चस्पा किया जा रहा है! निगम क्षेत्र के वार्ड मोहल्लों में ब्लीचिंग घोल, मेलाथियान, एवं मलेरिया ऑयल का छिड़काव, फागिंग मशीन के उपयोग के साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, रोड की सफाई, नाली की सफाई, शौचालय की सफाई, मैदानों की सफाई आदि का कार्य किया जा रहा है इसके लिए निगम का स्वास्थ्य अमला जुटा हुआ है! रास्ते के किनारे उगी हुई झाड़ियों को भी साफ किया जा रहा है! डोर टू डोर कलेक्शन पर निगम के स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है सफाई कार्य में संलग्न रिक्शा वालों के द्वारा सूखा-कचरा, गीला-कचरा पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहा है ! बाजार वाले क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई नियमित रूप से की जा रही है ! गंदगी फैलाने वालों, प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन, डिस्पोजल आदि विक्रय करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए उड़नदस्ता की टीम का गठन किया गया है यह टीम लगातार गंदगी पसारने वालों को समझाइश देते हुए जुर्माने की कार्रवाई कर रही है तथा धारा 144 एवं लॉक डाउन होने के आदेश के बाद छुट से मुक्त दुकानों पर भी बंद कराने से लेकर जुर्माने की कार्यवाही कर रही है! निगमायुक्त ने ब्लीचिंग एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के स्टॉक का जायजा लिया तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए!

जनसंपर्क अधिकारी